# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 14.09.2026**

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण एवं घटनाओं की रोकथाम तथा खुलासे हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, दिनांक 14.09.2026 को थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा नहर पुल झींझक पर वाहन चैकिंग की जा रही थी, तभी मुखबिर खास ने आकर सूचना दी कि एक व्यक्ति रूरा की तरफ से होण्डा शाइन मोटरसाइकिल नं0 UP78 FM 4668 ग्रे कलर से झींझक नहर पुल की तरफ आने वाला है, जिसके पास चोरी की मोटरसाइकिल है। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिसकर्मी सरकारी जीप से मंडी समिति के पास पहुंचकर सतर्कता के साथ वाहन चैकिंग करने लगे। कुछ देर बाद एक व्यक्ति होण्डा शाइन मोटर साइकिल पर तेजी से रूरा की तरफ आया, पुलिसकर्मियों को चैकिंग करते देखकर अचानक मोटर साइकिल को मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिसकर्मियों ने आवश्यक बल प्रयोग कर मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को मय मोटर साइकिल के मौके से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त ने पूछताछ में अपना नाम गोलू पुत्र मुन्ना उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नं.17 बुद्ध नगर कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात बताया जिसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकल नं0 UP 78 FM 4668 व 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 297/26 धारा 317(2) बी.एन.एस व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम गोलू पुत्र मुन्ना उपरोक्त देहात पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. गोलू पुत्र मुन्ना उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नं.17 बुद्ध नगर कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात ।

## बरामदगी का विवरण-

1. मोटरसाइकिल नं0 UP78 FM 4668 रंग ग्रे मोटर साइकिल का चैसिस नं. ME4JC65BKJ7121638 इंजन नं. JC65E72350144
2. 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।

## अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 292/25 धारा 317(2)/317(5)/318(4)/336/336(2)/336(3)/340(2) बीएनएस व 35(1) बीएनएसएस थाना रूरा जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 297/26 धारा 317(2) बी.एन.एस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अवनीश कुमार वर्मा चौकी प्रभारी झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. उ0नि0 अवधेश सिंह थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 56 दिग्विजय सिंह थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।